लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर भोपाल–462023
ईमेल– ictdpi@mp.gov.in

क्रमांक/आई टी सेल/LMS/198/2022/265 भोपाल दिनांक 22-04-2022

प्रति,

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश,
2. समस्त जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र
3. समस्त प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,
   शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी विद्यालय, म0प्र0।

विषय :– विद्यालयों में आई.सी.टी. के माध्यम से शिक्षण तथा आई.टी. शिक्षा के संबंध में।

-----000-----

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विगत वर्षों में कोविड संक्रमण की कठिन परिस्थितियों के दौरान भी विद्यार्थियों की पठन–पाठन गतिविधियों को आई.सी.टी. के माध्यम से संचालित किया गया तथा आई.सी.टी. के विस्तार हेतु एवं आई.सी.टी. समर्थ शिक्षा के लाभ को दृष्टिगत रखते हुये, आई.टी. के वृहद प्रयोग हेतु विभाग प्राथमिकता के आधार पर प्रयासरत है।

विभाग अंतर्गत संचालित प्रदेश के समस्त हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने एवं सूचना एवं तकनीकी का प्रयोग करने हेतु कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, स्मार्ट टी.व्ही., मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर, टैबलेट, प्रिन्टर एवं अन्य उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी, साथ ही डिजिटल सामग्री का उपयोग एवं शैक्षिक कार्यक्रम का प्रसारण कर विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रूचि को बढ़ाते हुये शिक्षा की निरन्तरता बनायी गयी। वर्तमान में विद्यालयों में उपलब्ध आई.सी.टी. उपकरणों के बेहतर उपयोग के लिये प्रशिक्षण की अत्यन्त आवयश्कता है।

वर्तमान में विभाग द्वारा प्रशिक्षण देने की कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत आई.सी.टी. संसाधनों का समुचित उपयोग, ई–लर्निग हेतु नवीन पाठ्य सामग्री तैयार करने हेतु उपलब्ध सॉफ्टवेयर का उपयोग, पूर्व से उपलब्ध लर्निंग मटेरियल का उपयोग, मैप आई.टी. द्वारा तैयार किया गया LMS (लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम) के विभिन्न मॉड्यूल्स का उपयोग एवं विभाग द्वारा संचालित अन्य तकनीकी कार्यों में आने वाली कठिनाईयों के समाधान आदि का प्रशिक्षण दिया जाना है।

प्रत्येक जिले से लगभग 10 से 12 मास्टर ट्रेनर तैयार किये जाएंगे, जो भविष्य में जिला/विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रशिक्षण देंगे। इस हेतु इनोवेटिव तथा उत्साही शिक्षक जो तकनीकी कार्य में दक्ष हों तथा नवीन टेक्नॉलाजी को शिक्षा में उपयोग करने की इच्छाशक्ति रखते हों, इस प्रकार के शिक्षकों को **आई.टी. विभाग द्वारा विशेष रूप से नवीन टेक्नोलॉजी/सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षित किया जायेगा।** ऐसे शिक्षक स्वयं की सामान्य जानकारी विमर्श पोर्टल पर "आई.टी. योग्यताधारी शिक्षकों की जानकारी" ऑप्शन में दिनांक 30.04.22 तक दर्ज करना सुनिश्चित करें।

(अभय वर्मा)
आयुक्त
लोक शिक्षण, म0प्र0

पृ.क्रमांक/आई टी सेल/LMS/198/2022/266 भोपाल दिनांक 22-04-2022

1. माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश, भोपाल.
2. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र.
3. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल, म.प्र.
4. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश,
5. समस्त आई.टी.सेल समन्वयक/सहायक समन्वयक मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आयुक्त
लोक शिक्षण, म0प्र0